कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com
Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602


दुर्ग, दिनांक : 26.01.2026

/प्रेस विज्ञप्ति/

कन्या महाविद्यालय में

# 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर, महाविद्यालय दुर्ग में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे का महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ0 रंजना श्रीवास्तव द्वारा ध्वजारोहण किया गया तथा राष्ट्रगान से महाविद्यालय परिसर गुंज उठा। शासन के आदेशानुसार डॉ0 मिलिन्द अमृतफले, प्राध्यापक संगीत के निर्देशान में संगीत विभाग की छात्राओं संतोषी दीप, हिना साहू, मेनेश्वरी, ज्योति, मोनिका द्वारा वन्दे मातरम गीत प्रस्तुत किया। देश की आन, बान एवं शान के प्रतीक के रूप में गुब्बारा स्वतंत्र आसमान में छोड़ा गया। महाविद्यालय की छात्राओं ने क्रीडाधिकारी डॉ0 ऋतु दुबे के निर्देशन में परेड किया गया एवं राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई। इस असवर पर मतदाता जागरूकता के अंतर्गत महाविद्यालय परिवार एवं छात्राओं के प्राचार्य महोदया द्वारा शपथ दिलाई गई। परेड की अगुवाई श्री जागृति ठाकुर क्रिकेट खिलाडी ने किया, ड्रम कु0 निशा, हॉकी खिलाडी ने बजाया। फुटबॉल खिलाड़ी कु0 सोनम, चंचल, सेजल, अदिति आदि ने परेड किया। महाविद्यालय की प्राचार्य की प्राचार्य डॉ0 रंजना श्रीवास्तव ने महाविद्यालय परिवार एवं छात्राओं को 77वें गणतंत्र दिवस की शुभकामनाऐं देते हुए कहा कि महाविद्यालय में उत्कृष्ट कार्य करना ही देश की सेवा है। छात्राओं को अपने विद्यार्थी जीवन में मेहनत से सफलता प्राप्त कर देश के उत्थान व प्रगति के लिए हमेशा ही अग्रसर रहना चाहिए।

मतदाता जागरूकता के तहत् प्राचार्य महोदया ने समस्त उपस्थितजनों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। महाविद्यालय की छात्रा कु0 मौसमी, एम0 ए0 भूगोल द्वारा एकल देशभक्ति नृत्य की सुंदर प्रस्तुति दी। कु0 आर्या अवस्थी ने देशभक्ति से भरी कविता का सुंदर पाठ किया। वहीं बी0 ए0 अंतिम वर्ष की छात्रा हेमा साहू, संध्या, आकृति, कशीश, साक्षी, केसरी ने सुंदर देशभक्ति से भरा समूह नृत्य किया। एम0 ए0 हिन्दी ने भाषण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 ऋतु दुबे क्रीडाधिकारी एवं आभार प्रदर्शन डॉ0 सुषमा यादव, क्रीडा संयोजिका ने किया तत्पश्चात् एन0 एस0 एस0 प्रभारी डॉ0 यशेश्वरी ध्रुव के अनुवाई में वृक्षारोपण कार्यक्रम प्राचार्य महोदया एवं जनभागीदारी अध्यक्ष श्रीमती प्रीति साहू एवं सदस्यों के द्वारा सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ0 अमिता सहगल, डॉ0 अनिल जैन, डॉ0 मीरा गुप्ता, डॉ0 मीनाक्षी अग्रवाल, डॉ0 के0 एल0 राठी एवं समस्त महाविद्यालय परिवार उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुश्री खुश्बू साहू, रश्मि नौरंगे, सृष्टि मन्ना, रामदास यादव, ओमसिंह ध्रुव का विशेष सहयोग रहा।

*समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

(डॉ0 रंजना श्रीवास्तव)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

# 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण





